तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 जून 2026



11 जल संकट की मार, गर्मी से सूखे 75 % तालाब...





11 मुख्यमंत्री ने चेरपाल में बिहान की दीदियों को...






# मानसून पूर्व स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, सीएमएचओ की एडवायजरी जारी

मानसून के आगमन के साथ ही मौसमी और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ने लगता है। इसे देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर ने जिलेवासियों से विशेष सतर्कता बरतने और समय रहते बचाव के उपाय अपनाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में उल्टी-दस्त, मलेरिया, पीलिया सहित अन्य संक्रामक रोग तेजी से फैल सकते हैं, इसलिए नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सीएमएचओ डॉ. ठाकुर ने बताया कि मौसम में बदलावा शुरू हो गया ओर मानसून भी एक सप्ताह में आना संभावित है। मानसून के दौरान दूषित भोजन और पानी, अस्वच्छता, वायरस एवं बैक्टीरिया जनित संक्रमण तथा अधपके भोजन का सेवन दस्त जैसी बीमारियों के प्रमुख कारण हैं। दस्त की स्थिति में बार-बार शौच जाना, मल का पतला या तरल होना सामान्य लक्षण हैं। यदि यह समस्या दो से तीन दिन से अधिक बनी रहती है या स्वास्थ्य लगातार बिगड़ता है, तो तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेना आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केंद्र की निःशुल्क सुविधा का लाभ लेने तथा आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करने की अपील की। सीएमएचओ ने कहा कि समय पर उपचार नहीं मिलने पर ये बीमारियां गंभीर और कई बार जानलेवा भी साबित हो सकती हैं।




## मानसून में बचाव ही सबसे बड़ा उपचार

*सीएमएचओ ने मानूसन के शुरूआत होने के पहले सचेत करते हुए कहा कि खाने-पीने की वस्तुओं और पेयजल को हमेशा ढककर रखने, बासी भोजन एवं सड़े-गले फलों के सेवन से बचने तथा केवल ताजा भोजन करने की सलाह दी है। पीने के पानी को उबालकर या क्लोरीन की गोली डालकर उपयोग करने तथा भोजन से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोने पर भी जोर दिया गया है।*

## बचने की सलाह दी

दस्त होने की स्थिति में ओआरएस (जीवन रक्षक घोल) का सेवन करने के साथ-साथ नारियल पानी, नमकीन लस्सी, नींबू शिकंजी, चावल का मांड, हल्की चाय और दाल का पानी लगातार लेते रहने की सलाह दी गई है। ये पेय पदार्थ शरीर में पानी की कमी को दूर रखने में सहायक होते हैं।

## खबर संक्षेप



### जर्जर ऑडिटोरियम नहीं मल्टीपर्पज हॉल की मांग

**कांकेर।** सुशासन तिहार के दौरान कांकेर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष एवं सदस्यों ने भेंट कर जर्जर ऑडिटोरियम को हटाकर नवीन ऑडिटोरियम सह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (मल्टीपर्पज हॉल) निर्माण की मांग की। जनभागीदारी अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भाऊ ने बताया कि महाविद्यालय का पुराना ऑडिटोरियम अनुपयोगी हो चुका है, जिससे शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों के संचालन में परेशानी हो रही है। इस दौरान सपन श्रीवास्तव, शशांक रॉय, सुनील जायसवाल एवं रोशन साहू उपस्थित रहे।

### जहर खाकर युवक ने की आत्महत्या

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत ताड़वायली निवासी 35 वर्षीय रमेश दरपट्टी पिता दसरू दरपट्टी ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले गए थे, लेकिन 28 मई को उसकी मौत हो गई। जहर खाने का कारण अज्ञात है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### भागवत पुराण कथा आज से होगी प्रारंभ

**भानुप्रतापपुर।** नगर के मध्य स्थित नयापारा वार्ड क्रमांक 13 में मदन गिरी गोस्वामी परिवार के द्वारा पुरुषोत्तम मास अधिक मास के प्रभावोत्पादक महत्व पर आधारित श्रीहरि भक्ति कथा का दिव्य आयोजन 04 जून से 12 जून तक किया जा रहा है। कथा व्यास पंडित प्रमोद पांडेय महाराज देवरबीजा वाले के श्रीमुख से प्रतिदिन दोपहर 03 बजे से सायं 07 बजे तक प्रवाहित होगी। कथा प्रथम दिवस 04 जून गुरुवार को सायं 04 बजे कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी तत्पश्चात पंचांग पूजन व गोकर्ण कथा के साथ समाप्त होगी।

### पेड़ से गिरे युवक की मौके पर हुई मौत



**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत डोमाहर्रा निवासी 38 वर्षीय लक्ष्मण कावड़े पिता मंगल कावड़े पेड़ से गिर पड़ा, जिसके कारण उसकी 2 जून को मौत हो गई। सीएचसी धनेलीकन्हार से अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक पेड़ में चढ़ा था। अचानक पेड़ से गिरने के कारणा उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## सियासत : चारामा में भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने और पंखाजूर में त्रिकोणी मुकाबला

# पखांजूर-चारामा नगर पंचायत उपचुनाव के नतीजे आज, प्रत्याशियों की बढ़ी धड़कनें

*पखांजुर और चारामा नगर पंचायत के उपचुनाव में मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब सबकी निगाहें 4 जून को होने वाली मतगणना पर टिक गई हैं। पार्षद पद के लिए मैदान में उतरे प्रत्याशियों के साथ-साथ उनके समर्थकों और आम नागरिकों में भी परिणाम को लेकर उत्सुकता चरम पर है। दोनों नगर पंचायतों में चुनावी माहौल पूरी तरह परिणाम केंद्रित हो गया है और जीत-हार के समीकरणों पर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के पखांजुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 09 तथा चारामा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद पद के लिए उपचुनाव संपन्न कराया गया था। इसी माह के पहले दिन 1 जून को मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पखांजुर के हायर सेकेंडरी स्कूल तथा चारामा के बालक हाईस्कूल में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखा गया है। इन ईवीएम मशीनों में प्रत्याशियों की किस्मत फिलहाल कैद है, जिसका फैसला आज मतगणना के साथ सामने आएगा। प्रशासन ने मतगणना को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज सुबह 8 बजे निर्वाचन अधिकारियों एवं चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रॉन्ग रूम खोला जाएगा। इसके बाद मतों की गणना शुरू होगी और कुछ ही घंटों में दोनों वार्डों के नए जनप्रतिनिधियों के नाम सामने आ जाएंगे।

## ईवीएम से निकलेगी पार्षद प्रत्याशियों की किस्मत

### पखांजूर वार्ड 09 में भाजपा-कांग्रेस के साथ निर्दलीय भी मैदान में





### चारामा वार्ड 13 में 92 प्रितशत से अधिक मतदान ने बढ़ाया रोमांच

### पखांजूर और चारामा में हार-जीत के समीकरणों में उलझे सर्मथक

मतदान खत्म होने के बाद से ही पखांजुर और चारामा में हार-जीत के समीकरणों में पार्षद प्रत्याशी के सर्मथक पूरी तरह से उलझे हुए नजर आए। पखांजुर नगर और वार्ड क्रमांक 09 एवं चारामा नगर और विशेषकर वार्ड क्रमांक 13 में चुनावी परिणामों को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। चौराहे-दुकानों से लेकर मोहल्लों तक लोग अपने-अपने विवेक और गणित से प्रत्याशियों की जीत-हार का अनुमान लगाने में जुटे हुए हैं। हर कोई अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल होने का दावा कर रहा है।

### पखांजूर में 80.52 % मतदान

*पखांजूर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 9 में 1 जून को हुए पार्षद उपचुनाव के मतदान में कुल 80.52 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह उपचुनाव भाजपा की पूर्व पार्षद संगीता कांगे के इस्तीफा देने के बाद खाली हुई अनारक्षित महिला सीट पर हुआ। चुनावी मैदान में भाजपा से संजीता विश्वास, कांग्रेस से रुक्मणी एटटी और निर्दलीय प्रत्याशी गोमती निषाद के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।*


### चारामा में भाजपा आमने-सामने

*चारामा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 13 में हुए पार्षद उपचुनाव में मुख्य रूप से दो प्रत्याशी भाजपा से अनूप सोनकर और कांग्रेस से मोहित नायक चुनावी मैदान में थे। इस उपचुनाव में 92. 24 प्रतिशत मतदान 1 जून को हुआ था और ईव्हीएम में किस्मत कैद हो गई थी, जो आज सुबह 8 बजे से खुलना शुरू हो जाएगा।*

### पुलिस का किया पुख्ता इंतजाम

मतगणना को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। पखांजुर और चारामा में बनाए गए मतगणना केंद्रों, स्ट्रॉन्ग रूम तथा स्कूल परिसरों में पुलिस बल की तैनाती की गई है। मतगणना स्थल पर केवल अधिकृत अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारी लगातार नजर बनाए हुए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो और मतगणना प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके।

## मारपीट कर धमकाया, 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोयलीबेड़ा क्षेत्र में मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है तथा पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मामले में बिराजो बाई उईके की शिकायत पर कोयलीबेड़ा पुलिस ने कुमारी जुनाय उईके, पंचलाल उईके, देवलाल वड्डे तथा सुनील उईके के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोप है कि सभी ने मिलकर विवाद के दौरान प्रार्थी के साथ अभद्र व्यवहार किया, गाली-गलौज की तथा मारपीट कर उसे नुकसान पहुंचाया। साथ ही गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने आरोपियों कुमारी जुनाय उईके, पंचलाल उईके, देवलाल वड्डे तथा सुनील उईके के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115 (2), धारा 296 (बी), धारा 3(5) एवं धारा 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। इन धाराओं में स्वेच्छा से चोट पहुंचाने, अश्लील या अभद्र कृत्य, समान आशय से सामूहिक रूप से अपराध करने तथा आपराधिक धमकी देने जैसे प्रावधान शामिल हैं। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने संबंधित पक्षों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले से जुड़े साक्ष्य और परिस्थितियों की जांच की जा रही है ताकि घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

**आनलाइन एफआईआर में जानकारी गायब:** कोयलीबेड़ा थाना में अपराध क्रमांक 07/26 में शिकायतकर्ता कालम में बिराजो बाई उईके और आरोपी कालम में कुमारी जुनाय उईके, पंचलाल उईके, देवलाल वड्डे तथा सुनील उईके ▶▶| शेष पेज 10 पर

# किराया बढ़ाने का आदेश आया नहीं यात्रियों से मनमानी वसूली शुरू

## चारामा से लंजोड़ा तक 170 की जगह 220 रुपए की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच बस संचालकों ने यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना शुरू कर दिया है। हैरानी की बात यह है कि परिवहन विभाग या राज्य शासन की ओर से किराया वृद्धि संबंधी कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है, इसके बावजूद कई बस ऑपरेटरों ने मनमाने ढंग से किराए में 30 से 50 रूपएं की वृद्धि कर दी है।

इससे आम यात्रियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार 03 जून को एक मामला सामने आया। बस क्रमांक सीजी 04 क्यूए 4412 प्राइवेट बस के कंडेक्टर



ने चारामा से लंजोड़ा तक के सफर का किराया170 के बजाए 220 रुपए वसूला गया। रायपुर से बीजापुर का किराया 800 रुपए से बढ़ाकर 1200 रुपए तथा रायपुर से जगदलपुर का किराया 650 रुपए से बढ़ाकर 800 रुपए कर दिया गया है। ▶▶| शेष पेज 10 पर



## मोबाइल दुकान में घुसे सांप का सुरक्षित रेस्क्यू

**सरोना।** बारिश शुरू होते ही सर्पों के निकलने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। इसी बीच सरोना स्थित साईं मोबाइल दुकान में एक डंडा करेंट सांप घुस आने से हड़कंप मच गया। दुकान संचालक ललित साहू ने बताया कि सांप दिखाई देते ही लोगों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन सतर्कता बरतते हुए नंदू साहु के सहयोग से उसे सुरक्षित पकड़ा गया। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से सांप का रेस्क्यू कर आबादी क्षेत्र से दूर जंगल में छोड़ दिया गया।

# हिदूर के जंगलों में बरामद 3 शक्तिशाली टिफिन आईईडी को किया गया निष्क्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की सतर्कता और लगातार चलाए जा रहे सर्चिंग अभियानों का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। जिला कांकेर के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हिदूर के जंगल-पहाड़ी इलाके में सुरक्षा बलों ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन शक्तिशाली टिफिन आईईडी बरामद किए हैं। समय रहते विस्फोटकों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित रूप से निषक्रिय कर दिया गया, जिससे संभावित बड़े हादसे को टाल दिया गया। जानकारी के अनुसार नक्सलियों के लगातार आत्मसमर्पण और संगठन के



बीएसएफ-बीडीएस टीम को मिली सफलता

कमजोर पड़ने के बाद सुरक्षा बल अब उनके छिपाए गए डंप, हथियार और विस्फोटक सामग्री की खोज में व्यापक सर्चिंग अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार 3 जून को जिला पुलिस, बीएसएफ तथा बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) की संयुक्त टीम ग्राम हिदूर के जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र में सर्चिंग अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान जवानों को कुछ संदिग्ध स्थानों पर छिपाकर रखे गए तीन टिफिन आईईडी मिले। प्रत्येक आईईडी का वजन लगभग तीन किलोग्राम बताया जा रहा है। ▶▶| शेष पेज 10 पर

### कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल

अभियान का नेतृत्व बीएसएफ के सहायक कमांडेंट अमित कुमार, बीएसएफ के अरुण कुमार गौतम तथा बीडीएस टीम कमांडर प्रधान आरक्षक मनोज कुमार ने किया। अधिकारियों ने बताया कि नक्सल प्रभावित और सीमावर्ती क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है तथा सुरक्षा बलों का सर्चिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

# भवानीपुर-पेनकोड़ो के जंगल में दबिश दी, 53 हजार जब्त, 7 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बांदे पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। भवानीपुर और पेनकोड़ो के बीच जंगल में संचालित हो रहे जुए के फड़ पर पुलिस ने अचानक छापेमारी कर सात जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 53 हजार 250 रुपये नकद, ताश के पत्ते तथा जुए में प्रयुक्त अन्य सामग्री बरामद की है। बांदे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 2 जून की शाम करीब साढ़े 5 बजे बांदे पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम पीव्ही75 भवानीपुर और पेनकोड़ो के मध्य स्थित जंगल में कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए



थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। पुलिस ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर रणनीतिक तरीके से घेराबंदी की और जुआ खेल रहे सात आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया। जुआ स्थल से विपुल विश्वास पिता स्व.विनोद विश्वास उम्र 59 वर्ष निवासी पीव्ही 86 नेताजीनगर हाल बांदे, राजेश व्यापारी पिता रंजीत व्यापारी उम्र 36 वर्ष निवासी पीव्ही 131 लक्ष्मीपुर थाना पखांजूर, ▶▶| शेष पेज 10 पर

## गुमनाम पत्र की स्पीड पोस्ट ट्रैकिंग ने बढ़ाई जांच की मांग

# जच्चे-बच्चे की मौत के बाद गरमाई सियासत, गुमनाम पत्र नया पेंच

तहसील दुर्गूकोंदल के ग्राम चाहचाँड निवासी एक परिवार के जच्चा-बच्चा की दर्दनाक मौत का मामला अब स्वास्थ्य व्यवस्था से निकलकर राजनीतिक और प्रशासनिक बहस का विषय बन गया है। प्रसूता और नवजात की मौत के बाद जहां परिजन उपचार में लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं, वहीं घटना के कुछ दिनों बाद सामने आए एक गुमनाम शिकायत पत्र ने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

जानकारी के अनुसार ग्राम चाहचाँड निवासी कमलेश कोमरा की पत्नी द्रौपदी कोमरा को प्रसव पीड़ा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में भर्ती कराया गया था। जांच के दौरान एमनियोटिक फ्लूइड का स्तर अत्यंत कम पाए जाने पर परिजन बेहतर उपचार की उम्मीद में उन्हें भानुप्रतापपुर स्थित प्राइवेट अस्पताल गौतम अस्पताल ले गए। परिजनों का आरोप है कि प्राइवेट अस्पताल में समय पर सिजेरियन ऑपरेशन नहीं किए जाने के कारण मां और नवजात दोनों की मौत हो गई। मामले का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि जच्चा-बच्चा की मौत के बावजूद पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। ऐसे में मृत्यु के वास्तविक कारणों को लेकर अब भी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सकी है। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मामलों में पोस्टमार्टम जांच कई महत्वपूर्ण तथ्यों को सामने ला सकती है।

### कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष को मिला गुमनाम पत्र



घटना के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष को एक गुमनाम शिकायत पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें पूरे मामले के लिए बीएमओ डॉ. सचेन्द्र गोटा को जिम्मेदार ठहराते हुए निजी अस्पतालों को मरीज भेजने तथा कथित कमीशनखोरी जैसे आरोप लगाए गए हैं। हालांकि पत्र की प्रामाणिकता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस अस्पताल में उपचार के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हुई, उस अस्पताल की भूमिका पर पत्र में लगभग कोई उल्लेख नहीं है, जबकि पूरा फोकस शासकीय अस्पताल और बीएमओ पर केंद्रित दिखाई देता है।

### गुमनाम पत्र भी संदेह के दायरे में

*डाक विभाग की स्पीड पोस्ट ट्रैकिंग रिपोर्ट सामने आने के बाद शक की सुई प्राइवेट अस्पताल और उसके बालोद के रिलेशन को लेकर खोज जा रही है। शिकायत पत्र को बालोद से भेजा गया बताया गया था, लेकिन ट्रैकिंग रिपोर्ट में उसकी बुकिंग रविग्राम सब पोस्ट ऑफिस से दर्ज पाई गई। वहीं पत्र में उल्लेखित मोबाइल नंबर भी बंद बताया जा रहा है और शिकायतकर्ता की पहचान अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।*

### निष्पक्ष जाँच कर कार्रवाई की माँग

*स्थानीय नागरिकों ने पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि कहीं चिकित्सकीय लापरवाही हुई है तो दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए, वहीं बिना पर्याप्त प्रमाण किसी अधिकारी या संस्था को निशाना बनाने के प्रयासों की भी निष्पक्ष जांच आवश्यक है, ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।*

## खबर संक्षेप

### धीवर समाज का करियर काउंसलिंग एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 5 जून को

**धमतरी।** धीवर समाज धमतरी परगना द्वारा छात्र-छात्राओं का करियर मार्गदर्शन एवं प्रतिभा सम्मान 5 जून को सुबह 10 बजे धीवर समाज भवन महिमासागर वार्ड में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में महापौर, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा मनोचिकित्सक विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता, विषय चयन एवं करियर निर्माण के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन देंगे। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षाओं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। समाज के सचिव सोहनलाल धीवर ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### भीषण गर्मी से मिली राहत

**धमतरी।** आसमान में बादलों की आवाजाही और तापमान में आई गिरावट के कारण लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली है। सोमवार और मंगलवार को मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रहा। तेज धूप का असर कम होने से बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही बढ़ी। गर्म हवाओं से परेशान नागरिकों ने मौसम में आए इस बदलाव का स्वागत किया है।

### छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 13 को

**नगरी।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं की रिक्त 15 सीटों पर प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 13 जून को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक होगी। परीक्षा का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय श्रृंगी ऋषि अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में होगा। प्रवेश के लिए पात्र छात्राओं का पांचवीं कक्षा में न्यूनतम बी-ग्रेड प्राप्त करना अनिवार्य है।

# ग्रामीणों को कानूनी अधिकार, न्यायिक सुविधाओं को लेकर किया जागरूक

## ग्राम गद्दाड़ में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्राम पंचायत गद्दाड़ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों और न्यायिक सुविधाओं की जानकारी दी गई।

विधिक जागरुकता शिविर में बताया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अनुसूचित जाति–जनजाति, महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। ग्रामीणों को महिला अधिकार, बाल संरक्षण कानून, घरेलू हिंसा से संरक्षण तथा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।



### पुलिस थाना ईरागांव के सहयोग से हुआ आयोजन

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खिलावन राम रिगरी के मार्गदर्शन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री गायत्री साय एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सौम्या राय के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में पुलिस थाना ईरागांव का भी सहयोग रहा।

### कानूनी समस्याओं के समाधान के लिए किया प्रेरित

अधिकार मित्र द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर निःशुल्क कानूनी सहायता का लाभ उठाएं।

### बड़ेकनेरा शिविर में पहुंचे थे सीएम विष्णुदेव

# सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग के हितग्राहियों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





जिले के ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हिस्सा लेकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से सीधा संवाद किया।

- शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी गतिविधियों की ली जानकारी

मुख्यमंत्री ने सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र खुटगुड़ा, बड़ेकनेरा का अवलोकन कर बच्चों से मुलाकात की तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। महतारी वंदन योजना की हितग्राही श्रीमती संतोषी भोयर ने बताया कि योजना से मिली सहायता राशि से उन्होंने ब्यूटी पार्लर शुरू किया है। वहीं श्रीमती संपत्ती माणिकपुरी ने सब्जी व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत लाभान्वित महिलाओं को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए। योजना के तहत माताओं को गर्भावस्था और प्रसव के दौरान आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से लाभान्वित महिलाओं ने शासन की सहायता के लिए मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

### अन्नप्राशन और गोदभराई की रस्म संपन्न

कार्यक्रम में बालिकाओं का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। वहीं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने धात्री माताओं की गोदभराई की रस्म संपन्न कराई। बच्चों को सुपोषण किट तथा किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता के लिए हाइजीन किट वितरित किए गए।

### जागरूक पिता अभियान' का शुभारंभ

शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पिताओं को सम्मानित कर 'जागरूक पिता अभियान' की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री ने बच्चों और माताओं के हित में किए जा रहे कायोंर् के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया।

# विधायक सावित्री ने कोकड़े को सौंपा पानी टैंकर, ग्रामीणों को मिलेगी राहत



**दुर्गुकोंदल।** भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोकड़े ग्राम पंचायत जातावाड़ा के ग्रामीणों को पेयजल एवं सार्वजनिक उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण सुविधा प्राप्त हुई है। विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने जिला खनिज न्यास निधि मद से स्वीकृत पानी टैंकर का वितरण कर इसे ग्रामवासियों को समर्पित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल की आवश्यकता बढ़ जाती है और ऐसे समय में पानी टैंकर की उपलब्धता ग्रामीणों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। उन्होंने बताया कि टैंकर का उपयोग पेयजल आपूर्ति के साथ-साथ शादी-विवाह, धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों, अंतिम संस्कार तथा अन्य सार्वजनिक कार्यों में भी किया जा सकेगा। विधायक ने ग्रामीणों से इस सार्वजनिक संपत्ति के संरक्षण एवं सदुपयोग की अपील करते हुए कहा कि उपलब्ध संसाधनों का लाभ गांव के सभी लोगों तक पहुंचे, इसके लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार और जनप्रतिनिधियों के प्रयास तभी सफल होते हैं, जब जनहित में उपलब्ध सुविधाओं का सही उपयोग किया जाए। ग्रामीणों ने पानी टैंकर उपलब्ध कराने के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में विभिन्न अवसरों पर पानी की व्यवस्था करना चुनौतीपूर्ण होता था, लेकिन अब इस सुविधा से काफी राहत मिलेगी और सार्वजनिक आयोजनों के संचालन में भी सहूलियत होगी। ग्रामीणों ने विधायक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। पानी टैंकर की यह सुविधा गांव के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है,जिससे आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

# नरेगा व मोर गांव, मोर पानी अभियान से जिले के ग्रामीण अचलों की बदलेगी सूरत



**कांकेर।** आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के ग्रामीण अंचलों में पर्यावरण और जल संरक्षण की दिशा में हुए अभूतपूर्व कार्यों को रेखांकित किया जाएगा। राज्य शासन की मंशानुसार कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत व्यापक वृक्षारोपण और मोर गांव, मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण व वृक्षारोपण किया जा रहा है।

इसके तहत विगत वर्ष जिले के शासकीय परिसरों, तालाबों के बंड मेड़ और मुख्य सड़कों के किनारों पर व्यापक स्तर पर फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया था। इस बार प्रशासन द्वारा केवल पौधे लगाने पर ही नहीं, बल्कि उनके जीवित रहने की दर को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। जिले में स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों के महिलाओं के निजी भूमि पर आजीविका डबरी में फलदार पौधों जैसे आम, अमरूद, जामुन के रोपण के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की आमदनी में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल स्तर को सुधारने और पारंपरिक जल स्त्रोतों को सहेजने के लिए चलाया जा रहा मोर गांव, मोर पानी अभियान जिले के लिए वरदान साबित हो रहा है। ग्राम पंचायतों में मनरेगा और अन्य योजनाओं के सहयोग से कुल 11495 भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने के लिए संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसमें गौरव की बात यह है कि जिले में 2,597 आजीविका डबरी का निर्माण किया गया है, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक (शीर्ष) है। इसके अलावा जल संरक्षण से संबंधित निर्मित संरचनाओं में मुख्य रूप से शामिल हैं, जिसमें मिनी परकोलेशन टैंक, नया तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, ब्रशवुड निर्माण, लूज बोल्डर, चेक डैम निर्माण, गैबियन स्ट्रक्चर, अर्दन डेम, सोक पिट, रिचार्ज पिट, परकोलेशन टैंक तथा जल संरक्षण से संबंधित अन्य कार्य शामिल हैं। ये सभी संरचनाएं स्थानीय किसानों को सुरक्षित सिंचाई प्रदान करके उनकी आजीविका को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग कर रही हैं।

# डॉक्टर के अभद्र व्यवहार से मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर द्वारा अस्पताल में आए हुए मरीजों से अमर्यादित एवं अभद्र भाषा का प्रयोग करने का मामला सामने में आया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार कि सुबह मरीज इलाज कराने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। डॉक्टर द्वारा मरीजों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। जिसकी सूचना पत्रकारों को भी दी गई। डॉक्टर द्वारा पत्रकारों को भी घायल करने का प्रयास किया गया। इसकी लिखित शिकायत थाने में की गई। जिसके बाद पुलिस जाँच मे जुटी हुई है। खंड चिकित्सा अधिकारी डीके बिसेन ने कहा कि डॉक्टर द्वारा मरीज के साथ दुर्व्यवहार की घटना सामने आई है। पूर्व में भी इनको द्वारा शराब पीकर कार्य मे उपस्थित होने के कारण नोटिस भेजा गया था। हमने इस मामले को उच्च अधिकारियों को भेजा है। पार्षद भूपेश चंद्राकर ने कहा कि अस्पताल में इस प्रकार की घटना अशोभनीय है। इससे निश्चित ही समाज को खतरा है। इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

# नैनो खाद से खेती की लागत कम एवं उत्पादन में दस प्रतिशत की हुई वृद्धि

**कांकेर।** किसानों के लिए सामान्य खाद के स्थान पर नैनो खाद वरदान बन गई है। इसके उपयोग से प्रति एकड़ रकबे में कम लागत में बेहतर फसल का उत्पादन हो रहा है। जिले के कांकेर ब्लॉक के ग्राम कोटगांवनीचे के प्रगतिशील कृषक अघन सिंह दर्रो ने आधुनिक कृषि अपनाकर क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। कृषि विभाग की सलाह पर इस वर्ष उन्होंने अपने धान की फसल में पारंपरिक उर्वरकों के साथ नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का संतुलित उपयोग किया, जिसके अत्यंत सकारात्मक और अनुकूल परिणाम प्राप्त हुए। धान की रोपाई से पूर्व अघन सिंह दर्रो ने पौधों की जड़ों रोपा का नैनो डीएपी घोल से उपचार किया। इस तकनीक से पौधों की जड़ों का विकास मजबूत एवं गहरा हुआ, जिससे फसल को प्रारंभ से ही बेहतर पोषण एवं मजबूती मिली।



फसल में कुल 100 किग्रा नाइट्रोजन आवश्यकता की पूर्ति के लिए उन्होंने दानेदार यूरिया की मात्रा में 50 प्रतिशत की कमी की। शेष नाइट्रोजन की पूर्ति के लिए फसल की अवस्था 40 से 45 दिनों पर नैनो यूरिया का पर्णीय छिड़काव किया गया, जिससे फसल की वानस्पतिक वृद्धि में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

# गौधाम योजना में यादव समाज दें प्राथमिकता, मुख्यमंत्री को ज्ञापन



**कांकेर।** सुशासन तिहार के तहत कांकेर प्रवास पर पहुंचे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से अहिर कोसरिया यादव समाज जिला कांकेर के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। समाज की ओर से जिलाध्यक्ष गिरधर यादव ने मुख्यमंत्री के समक्ष समाज से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा। जिलाध्यक्ष गिरधर यादव ने कहा कि यादव समाज का पारंपरिक संबंध कृषि एवं पशुपालन से रहा है। गायों की देखभाल, दुग्ध उत्पादन और पशुपालन समाज का प्रमुख व्यवसाय है। ऐसे में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी गौधाम योजना के अंतर्गत संचालित गौठानों के संचालन, प्रबंधन तथा पशु-चारा उत्पादन कार्यों में यादव समाज को प्राथमिकता प्रदान की जानी चाहिए। इससे समाज के पारंपरिक व्यवसाय को मजबूती मिलने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। ज्ञापन में प्रत्येक विकासखंड में एक आदर्श डेयरी इकाई स्थापित करने तथा समाज के युवाओं को डेयरी व्यवसाय के लिए प्रशिक्षण और अनुदान उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। इसके अलावा कांकेर जिला मुख्यालय में समाज के छात्र-छात्राओं के लिए 100 सीटर छात्रावास निर्माण की मांग रखी गई, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकें। समाज ने कांकेर शहर में सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए यादव समाज के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करने का भी अनुरोध किया। वहीं डेयरी व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए कम ब्याज दर पर ऋण, दुधारू पशुओं की खरीद पर 50 प्रतिशत अनुदान तथा पशु बीमा योजनाओं का लाभ सरल प्रक्रिया से उपलब्ध कराने की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई।

यादव समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि गौ-सेवा और दुग्ध उत्पादन से सीधे जुड़े समाज के लोगों को यदि शासन की योजनाओं में प्राथमिकता मिले तो इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री को सौंपे गए इस ज्ञापन के माध्यम से समाज ने अपने सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास से संबंधित प्रमुख मांगों पर सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई है।

## पेज 9 के शेष

### मारपीट कर धमकाया...

और धारा में धारा 115 (2), धारा 296 (बी), धारा 3(5) एवं धारा 351(2) दर्ज है। आनलाईन में इस अपराध को खोला गया तो अंदर सभी जगह एक भी जानकारी नहीं है और कोरा एफआईआर है। कोयलीबेड़ा थाना के सराकरी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो सका।

### किराया बढ़ाने का आदेश...

यात्रियों का आरोप है कि उनसे लग्जरी एवं वातानुकूलित बसों के बराबर किराया लिया जा रहा है, जबकि अधिकांश बसों में एसी सुविधा केवल नाममात्र की है। कई बसों में एसी लगे होने के बावजूद ठंडक नहीं मिलती और यात्रियों को सामान्य बस जैसी ही यात्रा करनी पड़ती है। इसके बावजूद एसी श्रेणी का किराया वसूला जा रहा है।किराया वृद्धि का कोई लिखित आदेश या नई दर सूची बसों में प्रदर्शित नहीं की गई है। ऐसे में जागरूक यात्री पुराने किराए की मांग कर रहे हैं, जिससे आए दिन बसों में यात्रियों और परिचालकों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है। कई मामलों में बहस बढ़कर तीखी नोकझोंक तक पहुंच रही है।

बस संचालक डीजल, मेंटेनेंस और स्पेयर पाट्र्स की बढ़ती कीमतों का हवाला देकर बढ़ा हुआ किराया वसूल रहे हैं, लेकिन यात्रियों का कहना है कि जब तक शासन की ओर से अधिकृत आदेश जारी नहीं होता, तब तक किराया वृद्धि पूरी तरह अनुचित और नियमों के विपरीत है। अब यात्रियों की नजर परिवहन विभाग और जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

### हिदूर के जंगलों में बरामद...

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इन विस्फोटकों को नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने तथा क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्य से लगाया था। विस्फोटकों की बरामदगी के बाद मौके पर मौजूद बीडीएस टीम ने पूरी सावधानी और तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए तीनों आईईडी को सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर नष्ट कर दिया। सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई से क्षेत्र में एक बड़े खतरे को समय रहते टाल दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों के छोड़े गए ठिकानों और संभावित छिपे विस्फोटकों की तलाश के लिए सर्चिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। सुरक्षा बलों की मुस्तैदी से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने में मदद मिल रही है।

### भवानीपुर-पेनकोड़ो के जंगल...

जयदेव बाला पिता स्व.सतीश बाला उम्र 49 वर्ष निवासी पीव्ही 33 उदयपुर थाना पखांजूर, परिमल व्यापारी पिता बलहारी व्यापारी उम्र 50 वर्ष निवासी बांदे बाजार, असीम साहा पिता स्व.अधीर साहा उम्र 49 वर्ष निवासी पीव्ही 22 लखनपुर थाना पखांजूर, संजीव सिंग पिता स्व. सुनील सिंग उम्र 46 वर्ष निवासी बांदे बाजार, मनोरंजन सरकार पिता स्व.गंगाधर सरकार उम्र 42 वर्ष निवासी पीव्ही 75 भवानीपुर को दबोचा गया। आरोपियों के पास से व्यक्तिगत तलाशी में 34 हजार 500 रुपएं और जुए के फड़ से 18 हजार 750 रुपएं बरामद हुए। इस प्रकार पुलिस ने कुल 53 हजार 250 रुपएं नगद, ताश के 52 पत्ते और बैठने के लिए इस्तेमाल की जा रही दो नग प्लास्टिक चटाई को गवाहों के समक्ष विधिवत जब्त किया। आरोपियों का यह कृत्य छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत दंडनीय अपराध पाए जाने पर आरोपियों को गिरफ्तारी का कारण बताकर गिरफ्तार किया गया।

### राष्ट्रीय मंच पर हुआ सम्मान, कृषि नवाचारों को मिली नई पहचान

# बस्तर के डॉ. त्रिपाठी को नोएडा में दिया गया कृषि ऋषि सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




बस्तर के प्रगतिशील किसान एवं कृषि विशेषज्ञ डॉ. राजाराम त्रिपाठी को नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रतिष्ठित कृषि ऋषि सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान वरिष्ठ पत्रकार उदय सिन्हा, अमिताभ अग्निहोत्री और पीटीआई डिजिटल के चीफ एडिटर प्रत्यूष रंजन द्वारा प्रदान किया गया।

- कृषि, एआई और विकसित भारत पर हुई चर्चा

सम्मान समारोह से पूर्व कृषि, स्वास्थ्य, एआई और विकसित भारत–2047 विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में डॉ. त्रिपाठी ने कृषि क्षेत्र में रोजगार, उद्यमिता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में कृषि की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। डॉ. त्रिपाठी ने अपने चर्चित नेचुरल ग्रीन हाउस नवाचार की जानकारी देते हुए बताया कि यह कम लागत वाला, पर्यावरण–अनुकूल और किसानों के लिए लाभकारी मॉडल है। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने इसे मां दंतेश्वरी हर्बल समूह, बस्तर की धरती और आदिवासी समाज को समर्पित करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि बस्तर की जैविक खेती, ग्रामीण नवाचारों और प्रकृति आधारित जीवन दर्शन का सम्मान है।

### राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी बस्तर मॉडल की पहचान

इस अवसर पर कृषि, तकनीक, स्वास्थ्य और जिम्मेदार पत्रकारिता की भूमिका पर भी व्यापक चर्चा हुई। डॉ. त्रिपाठी को मिला यह सम्मान बस्तर की जैविक खेती और ग्रामीण विकास मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने वाला माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सुरनार में हुआ क्लस्टर स्तरीय शिविर



**दंतेवाड़ा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत सुरनार में क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत धनीकरका, दुवालीकरका, बुरदीकरका, नड़ियापदर, सुरनार, गाटम एवं बड़ेलखापाल के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चैतराम अटामी शामिल हुए। इस अवसर पर जनपद पंचायत कटेकल्याण के उपाध्यक्ष भीमसेन मंडावी सहित जनपद सदस्य, सरपंच, पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा दो दिव्यांग हितग्राहियों को सहायक उपकरण के रूप में छड़ी एवं व्हीलचेयर वितरित की गई। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा चार शिशुओं के अन्नप्राशन संस्कार की रस्म संपन्न कराई गई। शिविर में कुल 14 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजन की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। इस दौरान कुल 221 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 216 मांग संबंधी तथा 5 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल हैं। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न सुविधाओं एवं विकास कार्यों से संबंधित मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। आयोजन के माध्यम से शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

### जावंगा में कला व संगीत शिक्षा प्रवेश प्रक्रिया

**दंतेवाड़ा/गीदम।** दक्षिण बस्तर अंचल के युवाओं के लिए कला, संगीत एवं ललित कला के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध हुआ है। वीरांगना मासक देवी नागा शासकीय नवीन आदर्श महाविद्यालय, जावंगा के अंतर्गत संचालित कला एवं संगीत महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस पहल से क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अपने गृह जिले में ही कला एवं संगीत की उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। गौरतलब है कि महाविद्यालय को राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से मान्यता प्राप्त है। संस्थान का उद्देश्य क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए युवाओं को कला एवं संगीत के क्षेत्र में व्यावसायिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। यहां विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखारकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकें। महाविद्यालय में बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स बीपीए के अंतर्गत गायन वोकल म्यूजिक, तबला, कथक, भरतनाट्यम एवं लोकसंगीत जैसे विषयों में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य एवं लोक कला की विविध विधाओं का गहन ज्ञान प्रदान किया जाता है।

# जल संकट की मार, गर्मी से सूखे 75 प्रतिशत तालाब

## ग्रामीणों और मवेशियों के सामने पेयजल का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़

- ग्रामीणों ने जल संरक्षण की स्थायी व्यवस्था की मांग




बीजापुर जिले के आदिवासी विकासखंड भोपालपटनम क्षेत्र के अधिकांश गांवों में भीषण गर्मी के कारण 75 प्रतिशत से अधिक तालाब सूख चुके हैं। कई तालाब पूरी तरह से जलविहीन हो गए हैं, जबकि जिन तालाबों में थोड़ा-बहुत पानी बचा है, वह भी गंदा और मटमैला हो चुका है। तहसील अंतर्गत ग्रामों के ग्रामीणों को निस्तारी कार्यों के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। तालाबों के सूखने से ग्रामीणों के साथ-साथ मवेशियों के सामने भी गंभीर जल संकट खड़ा हो गया है। नहाने, कपड़े धोने तथा पशुओं को पानी पिलाने जैसी दैनिक आवश्यकताओं के लिए लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष तालाबों की खुदाई और मरम्मत के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन गर्मी के दिनों में तालाबों में पानी संरक्षित रखने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती। परिणाम स्वरूप क्षेत्र के अधिकांश तालाब मार्च और अप्रैल माह में ही सूख जाते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल संरक्षण की प्रभावी योजना बनाकर तालाबों में वर्षभर पानी बनाए रखने की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों और पशुओं को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े।

## ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधा होगी सुदृढ़

# मुख्यमंत्री ने चेरपाल में बिहान की दीदियों को सौंपी टाटा मैजिक वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम चेरपाल में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में पहल करते हुए विकासखंड कुआकोंडा एवं कटेकल्याण के 8 संकुल स्तरीय संगठनों

- महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को मिलेगी नई उड़ान

को आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के तहत टाटा मैजिक सवारी वाहनों की चाबी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर अधिकारियों ने जानकारी दी कि आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसर सृजित करने के साथ-साथ दूरस्थ अंचलों में परिवहन सुविधाओं को मजबूत बनाना है। योजना के तहत प्रदाय किए गए प्रत्येक टाटा मैजिक वाहन के लिए लगभग 5 लाख रुपये की अनुदान सहायता प्रदान की गई है। इन वाहनों के संचालन से स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को नियमित आय का स्रोत प्राप्त होगा तथा ग्रामीण परिवहन व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम में बताया गया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के माध्यम से जिले में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान में जिले के 41 हजार 110 परिवारों को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर स्वरोजगार एवं आयवर्धन गतिविधियों से जोड़ा गया है। समूह की महिलाएं कृषि आधारित गतिविधियों, पशुपालन, लघु उद्यम, वनोपज प्रसंस्करण तथा विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

### महिलाओं को मिलेगा स्थायी आय का स्रोत

मुख्यमंत्री द्वारा प्रदाय किए गए इन वाहनों के संचालन से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुलभ, सुरक्षित एवं किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। इससे दूरस्थ गांवों का बाजारों, स्वास्थ्य संस्थानों, शैक्षणिक केंद्रों तथा जिला मुख्यालय से बेहतर संपर्क स्थापित होगा। साथ ही महिलाओं को वाहन संचालन एवं प्रबंधन के माध्यम से नियमित आय प्राप्त होगी, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना से उन्हें न केवल रोजगार का अवसर मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में जनसेवा का एक नया माध्यम भी प्राप्त होगा। यह पहल महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। स्व-सहायता समूहों की महिलाएं आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला बनकर उभर रही हैं। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त होकर समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्मान पट्टिका स्थापित करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा जिले के राज्यपाल शिक्षक सम्मान प्राप्त शिक्षकों के नाम एवं सम्मान वर्ष को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रदर्शित किए जाने की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी दन्तेवाड़ा को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि

- जिला शिक्षा अधिकारी दन्तेवाड़ा को सौंपा ज्ञापन

राज्यपाल शिक्षक सम्मान प्राप्त शिक्षक जिले की शैक्षिक उपलब्धियों के प्रतीक हैं तथा उनके उत्कृष्ट कार्यों ने जिले को राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया है।

ऐसे शिक्षकों के नाम, सम्मान वर्ष एवं सम्मान प्राप्ति के समय की पदस्थापना को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित किया जाना चाहिए, जिससे वर्तमान एवं भावी शिक्षक तथा विद्यार्थी प्रेरणा प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि राज्यपाल शिक्षक सम्मान प्राप्त शिक्षक जिले की अमूल्य धरोहर हैं। उनके कार्यों का सम्मान एवं अभिलेखीकरण किया जाना आवश्यक है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्मान पट्टिका स्थापित होने से उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मान मिलेगा तथा नई पीढ़ी को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं उत्कृष्टता हेतु प्रेरणा प्राप्त होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के संरक्षक खेदू राम ठाकुर, सुश्री नेहा नाथ, विजय लक्ष्मी सुमन जार्ज एवं सुनीता जार्ज उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने आशा व्यक्त की कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शीघ्र ही राज्यपाल शिक्षक सम्मान प्राप्त शिक्षकों के नाम प्रदर्शित किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित होगी, जिससे जिले के शिक्षकों के उत्कृष्ट योगदान को स्थायी पहचान प्राप्त होगी।

# प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए तीन पालियों में अफसर-कर्मियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आगामी मानसून सत्र के दौरान संभावित प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, अतिवृष्टि, आंधी-तूफान एवं अन्य आपात परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने तथा राहत एवं बचाव कार्यों को त्वरित गति से संचालित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा जिला स्तरीय बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष को सक्रिय कर दिया गया है।

कलेक्टर कार्यालय दंतेवाड़ा द्वारा जारी आदेश के अनुसार मानसून वर्ष के दौरान बाढ़, अतिवृष्टि एवं आंधी-तूफान से होने वाली जन-धन हानि, फसल क्षति, मकान क्षति तथा अन्य प्राकृतिक आपदा संबंधी घटनाओं की जानकारी प्राप्त करने, उसका संकलन करने और राहत कार्यों के समन्वय हेतु जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के नियंत्रण कक्ष क्रमांक-137 में आगामी आदेश तक जिला स्तरीय बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष संचालित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रण कक्ष के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तीन पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। प्रथम पाली प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक तथा तृतीय पाली रात्रि 8 बजे से अगले दिन प्रातः 6 बजे तक संचालित होगी।

प्रथम पाली में कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग दंतेवाड़ा के अधीन कार्यरत सहायक ग्रेड-3 हर्षित गौतम को तहसीलों से प्राप्त होने वाली जानकारी का संकलन कर निर्धारित प्रारूप (एनेक्सर-1) में दैनिक प्रतिवेदन तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सहायक ग्रेड-2 नरेन्द्र टंडन को प्रतिदिन होने वाली क्षति की जानकारी का पंजी संधारण एवं अभिलेखीकरण करने का दायित्व सौंपा गया है। इनके सहयोग के लिए श्रम विभाग के भृत्य नागेन्द्र प्रसाद पटेल को तैनात किया गया है।

दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित होने वाली द्वितीय पाली में उप संचालक उद्यान विभाग दंतेवाड़ा के ग्रेड-3 कर्मचारी रामजी नाग को प्रथम पाली में किए गए समस्त कार्यों का प्रभार लेकर नियंत्रण कक्ष संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। शासकीय हाई स्कूल कांवड़गांव के सहायक ग्रेड-3 भगत राम ठाकुर को उनकी ड्यूटी अवधि में प्राप्त होने वाली सभी सूचनाओं एवं जानकारियों को तत्काल जिला नियंत्रण अधिकारी तक पहुंचाने का दायित्व सौंपा गया है। इनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के भृत्य पलाश जोध भी नियंत्रण कक्ष में सेवाएं देंगे।

रात्रि 8 बजे से अगले दिन प्रातः 6 बजे तक संचालित तृतीय पाली में उप वनमंडल कार्यालय गीदम के वायरलेस ऑपरेटर शम्भूनाथ झा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेटापाल के सहायक ग्रेड-3 बसंत यदु की ड्यूटी लगाई गई है। इन्हें द्वितीय पाली में सौंपे गए सभी कार्यों का प्रभार लेकर नियंत्रण कक्ष संचालन, सूचनाओं का संकलन एवं जिला नियंत्रण अधिकारी को तत्काल रिपोर्ट उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त राहत शाखा के प्रभारी अधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्यों का भी निष्पादन किया जाएगा।

### सूचना प्राप्त होते ही संबंधित विभागों को किया जाएगा अवगत

जिला प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि नियंत्रण कक्ष में तैनात कर्मचारी दूरभाष, मोबाइल अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली किसी भी आपदा संबंधी सूचना को तत्काल संबंधित विभागों एवं अधिकारियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। साथ ही प्राप्त सूचनाओं का विधिवत संधारण एवं प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा।

### कार्यभार सौंपे बिना नहीं छोड़ सकेंगे नियंत्रण कक्ष

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ड्यूटी समाप्त होने के पश्चात संबंधित कर्मचारी अपने उत्तराधिकारी को समस्त कार्यों एवं अभिलेखों का विधिवत प्रभार सौंपने के बाद ही नियंत्रण कक्ष छोड़ सकेंगे। ऐसा नहीं करने पर उन्हें ड्यूटी से अनुपस्थित माना जाएगा। नियंत्रण कक्ष में तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति की निगरानी हेतु समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण भी किया जाएगा। ड्यूटी अवधि में अनुपस्थित पाए जाने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# पीएमजीएसवाय के प्रमुख अभियंता ने की सड़कों की गुणवत्ता की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जिले के बीजापुर में पीएमजीएसवाए योजनाओं के अंतर्गत निर्मित एवं प्रगतिरत सड़कों की गुणवत्ता की व्यापक जांच की गई।

प्रमुख अभियंता केके कटारे, अधीक्षण अभियंता मनोज रात्रे सहित विभागीय अमले ने विभिन्न निर्माण स्थलों पर पहुंचकर सड़को का बारीकी से निरीक्षण किया।

- तकनीकी मानकों के अनुरुप कार्य नहीं कराये जाने से नाराजगी

अधिकारियों ने सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता, तकनीकी मापदंडों, सड़क की मोटाई, सतह की मजबूती जल निकासी व्यवस्था तथा सुरक्षा मानकों की विस्तार से जांच की गई है। भोपालपटनम विकासखं में उलूर से केरपे, लंबाई 90 किमी सड़क की भी विभागीय टीम ने गुणवत्ता जांच की। निरीक्षण के दौरान सड़कों की सतह, मजबूती एवं तकनीकी मानकों के अनुरुप कार्य नही कराये जाने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए ठेकेदार अंकित गुप्ता को निर्देशित किया गया है कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किये जाने के उपरांत ही भुगतान किया जाना संभव है साथ ही सड़क के बगल से खाई नूमा मिटटी खोद कर अर्थवर्क कार्य करने पर एवं मनमर्जी ढंग से किसी भी स्थान पर पुलिया बनायें जाने पर गहरी व्यक्त की गयी तथा ठेकेदार अंकित गुप्ता को निर्देशित किया गया कि सभी पुलियों को तोड़कर विभागीय अभियंताओ के निर्देशानुसार पुनः कार्य किया जावे एवं सड़क के बगल से मिटटी खोदे जाने के कारण सड़क में कटाव होने कि आंशका के कारण उसे भरे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी प्रकार पालनार से रेगडगटटा लंबाई 5 किमी एवं भैरमगढ़ बीजापुर रोड़ 20 किमी से बडेतुंगली ठेकेदार दंगल बिल्डर्स को कार्यो को गुणवत्तापूर्वक कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। एल.26 बोगामगुडा से गुमरा ठेकेदार हरबीर सिंह बदेशा गुणवत्तापूर्वक कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही स्थल का विभागीय एवं ठेकेदार के तकनीकी अमलों के साथ पुनः संयुक्त निरीक्षण हेतु निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से विशेष रुप से अति पिछड़े एवं जनजातीय क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, जिससे ग्रामीणों को शिक्षात्र स्वास्थ्य सेवाओं, बाजार एवं रोजगार के अवसरों तक बेहतर पहुंच मिलेगी। उन्होनें यह भी कहा कि ग्रामीण सड़कें क्षेत्रीय विकास की आधारशीला होती हैं और इनके माध्यम से सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलती है।

# मत्स्य पालन और सब्जी उत्पादन से बढ़ी किसान की आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत निर्मित डबरियां बीजापुर जिले के ग्रामीण किसानों के लिए आजीविका संवर्धन का सशक्त माध्यम बन रही हैं। जनपद पंचायत भोपालपटनम की ग्राम पंचायत चेरपल्ली के किसान वासम अब्बैया इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल हैं। लगभग 2 एकड़ कृषि भूमि के स्वामी वासम अब्बैया की निजी भूमि पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा के तहत 2 लाख 25 हजार रुपये की लागत से डबरी का निर्माण किया गया। इस कार्य में कुल 993 मानव दिवस का सृजन हुआ तथा 104 जॉब कार्डधारी परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। डबरी निर्माण के बाद वासम अब्बैया ने इसमें मत्स्य पालन शुरू किया। पहली बार में लगभग 20 किलोग्राम मछली का विक्रय कर उन्होंने करीब 35 हजार रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित की। वर्तमान में डबरी में 40 किलोग्राम मछली बीज डाला गया है, जिससे भविष्य में और अधिक आय की संभावना है। डबरी के किनारों पर उन्होंने सेमी, बरबट्टी और लौकी जैसी सब्जियों का उत्पादन भी किया। सब्जियों के विक्रय से उन्हें लगभग 40 हजार रुपये का अतिरिक्त लाभ प्राप्त हुआ।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
9 सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
9 सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# समाधान शिविर औपचारिकता नहीं, जन समस्याओं के समाधान का माध्यमः साय

## तीन घंटे तक चली समीक्षा बैठक, चार जिलों की योजनाओं और विकास कार्यों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सुशासन तिहार 2026 के तहत कांकेर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर संभाग के चार जिलों कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर और बस्तर की विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि समाधान शिविर केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं के वास्तविक समाधान का माध्यम हैं। उन्होंने अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

- पीएम किसान, एग्रीस्टैक और पेयजल व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में बीती रात सवा 8 बजे तक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय यानी लगभग तीन घंटे तक चार जिलों के प्रजेंटेशन को देखा और उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महिला स्व सहायता समूहों को रेडी-टू-ईट तैयार करने का काम दिया जाए। कुपोषण मुक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या में वृद्धि करने तथा नक्सल मुक्त होने के उपरांत अंदरूनी क्षेत्रों में निवासरत सभी पात्र महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदान करने पर भी मुख्यमंत्री ने बल दिया। गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने विभागीय अधिकारियों को सतत निगाह रखने कहा गया। मुख्यमंत्री ने साफतौर पर कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि तथा एग्रीस्टैक में पात्र किसानों का शतप्रतिशत पंजीयन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना करना न पड़े। इसी तरह आयुष्मान भारत योजना, शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव, मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि नियद नेल्लानार 2.0 के तहत विभिन्न सेवाओं में विस्तार किया जाएगा।

### बैठक में यह रहे शामिल

आयोजित बैठक में आयुक्त जनसंपर्क रजत बंसल, विधायक विक्रम उसेंडी, विधायक आशाराम नेताम, बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह, कलेक्टर कांकेर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, कलेक्टर बस्तर आकाश छिकारा, कलेक्टर कोंडागांव नुपूर राशि पन्ना, कलेक्टर नारायणपुर नम्रता जैन सहित इन जिलों के एसपी, डीएफओ और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### बैठक में इन विषयों पर हुई समीक्षा

बैठक में जल जीवन मिशन, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पीएम जनमन, उज्ज्वला योजना, डीएमएफ कार्यों, तेंदूपत्ता खरीदी, सड़क अवसंरचना, शिक्षा गुणवत्ता, ई-ऑफिस क्रियान्वयन और सड़क सुरक्षा अभियानों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रति व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने तथा डायल-112 का प्रचार-प्रसार बढ़ाने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण की काउंसिलिंग आज

**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार स्व-रोजगार से जोड़कर उन्हें सक्षम बनाने के लिए लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर में 30 सीटों में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन कोर्स में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के लिये 04 जून को लाईवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर कांकेर में प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक कांउसलिंग का आयोजन किया गया है। जिले के ऐसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है जो इस प्रशिक्षण से जुड़कर अपना भविष्य संवारना चाहते हैं वे शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, 02 पासपोर्ट साईज फोटोग्रॉफ, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित समय में कांउसलिंग में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कांकेर प्रवास के दौरान भाजपा विधि प्रकोष्ठ के



जिला संयोजक एवं अधिवक्ता मनीष जैन ने सौजन्य भेंट कर क्षेत्र की विधिक, शैक्षणिक एवं न्यायिक आवश्यकताओं से जुड़ा ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विधि शिक्षा, रोजगार, श्रमिक हित एवं अधिवक्ता कल्याण से संबंधित चार प्रमुख मांगें रखी गईं। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं अधिवक्ता ने कांकेर स्थित शासकीय विधि महाविद्यालय में एलएलएम की कक्षाएं प्रारंभ करने की मांग की। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में बस्तर संभाग में श्रम न्यायालय की स्थापना की आवश्यकता भी बताई गई, जिससे श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं सुलभ न्याय मिल सके। मुख्यमंत्री ने ज्ञापन प्राप्त कर सभी मांगों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया।

### शिक्षा विभाग ने 50 हजार की अनुग्रह सहायता सौंपी



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के शासकीय हाई स्कूल हानपतरी में पदस्थ अंग्रेजी व्याख्याता स्व हीरा सिंह कंवर के आकस्मिक निधन पर शिक्षा विभाग ने उनके परिवार को 50 हजार की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की। कंवर का 29 मई को निधन हो गया था, जिससे शिक्षा जगत में शोक की लहर फैल गई थी। खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव डे के निर्देश पर विभागीय प्रतिनिधिमंडल ने जिला बिलासपुर स्थित उनके गृह ग्राम शहर पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी रूबी कंवर को सहायता राशि सौंपी। इस दौरान प्राचार्य शिवलाल कोमरे, व्याख्याता गजेंद्र शांडिल्य, लेखापाल रिसु जाड़े एवं नरेश करसालिया उपस्थित रहे।

## संवेदना : परिजनों से मुलाकात कर व्यक्त की गहरी संवेदना

# भाजपा के दिवंगत नेता महावीर और भरत को मुख्यमंत्री से घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कांकेर प्रवास के दौरान अपैक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत महावीर सिंह राठौर और छत्तीसगढ़ प्रदेश मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष दिवंगत भरत मटियारा के निवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा इस कठिन समय में परिवार को धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्व. महावीर सिंह राठौर के कांकेर शहर के श्रीराम नगर स्थित उनके निवास पहुंचकर दिवंगत राठौर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवारजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने दिवंगत श्री राठौर के पुत्र राजकुमार एवं अनूप सिंह राठौर सहित परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें इसे कठिन समय में धैर्य बनाए रखने का संबल दिया। उन्होंने कहा कि स्व. महावीर सिंह राठौर का निधन केवल कांकेर जिले ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महावीर राठौर ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में



समाज, सहकारिता, व्यापार और जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। वे ऐसे व्यक्तित्व थे जिन्होंने सदैव समाजहित को सर्वोपरि रखा। उनके अनुभव, मार्गदर्शन और संगठन क्षमता का लाभ प्रदेश को लंबे समय तक मिलता रहा और उनकी भूमिका सदैव अविस्मरणीय रहेगी। सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने और जनहित के कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका को सदैव स्मरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले के वरिष्ठ नागरिक, प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं अपेक्स बैंक के पूर्व चेयरमैन स्व. महावीर सिंह राठौर का 14 मई 2026 को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

### यह भी उपस्थित रहे

इस अवसर पर अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक ठाकुर, समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, जिलाध्यक्ष महेश जैन, राजीव लोचन, दीपक खटवानी, राजा पाण्डेय, राकेश शर्मा, पीयूष कश्यप, नरेंद्र शर्मा, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम अरूण वर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मछुआ बोर्ड के दिवंगत अध्यक्ष को भी सीएम ने दी श्रद्धांजलि

**कांकेर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कांकेर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश मछुआ कल्याण बोर्ड के दिवंगत अध्यक्ष भरत मटियारा के निवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा इस कठिन समय में परिवार को धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वर्गीय श्री मटियारा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि उनका जीवन समाजसेवा, जनकल्याण और संगठन के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। उन्होंने मत्स्यपालक समुदाय सहित समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। इस अवसर पर अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी, कांकेर विधायक आशाराम नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



## पुरानी पेंशन योजना शीघ्र करें लागू बिजली कर्मियों ने सीएम को सौंपा



**कांकेर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कांकेर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज कार्यालयीन कर्मचारी संघ ने बिजली कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों को लेकर पंचसूत्रीय मांग पत्र सौंपा। संघ ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में लागू हो रही जनकल्याणकारी योजनाओं और मोदी की गारंटी के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों पर भी शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। संघ के महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार देवांगन ने कहा कि प्रदेश के विद्युत कर्मी 24 घंटे जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में कार्य कर राज्य को निरंतर ऊर्जा उपलब्ध करा रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें पुरानी पेंशन योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा से वंचित रखा जाना पीड़ादायक है। उन्होंने शासकीय कर्मचारियों की तरह विद्युत कर्मियों को भी पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की मांग उठाई। मांग पत्र में बताया गया कि विद्युत कंपनियों में स्वीकृत पदों का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा रिक्त है, जिससे नियमित कर्मचारियों पर कार्यभार लगातार बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों की कमी के कारण संविदा और ठेका श्रमिकों को भी जोखिम भरे कार्य करने पड़ रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। संघ ने 6000 से अधिक रिक्त पदों पर शीघ्र नियमित भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की है। इसके अलावा जगदलपुर क्षेत्र में कार्यालय सहायक श्रेणी प्रथम, द्वितीय और तृतीय के 243 पद रिक्त होने का मुद्दा भी उठाया गया। संघ ने विभागीय पदोन्नति समिति की प्रक्रिया को तेज करने तथा क्षेत्रीय चयन समिति द्वारा अनुशंसित 11 कार्यालय सहायकों की अनुभाग अधिकारी पद पर पदोन्नति के आदेश तत्काल जारी करने की मांग रखी। इस अवसर पर संघ की ओर से विजयेंद्र राय, नोहर लाल साहू सहित अन्य कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पढ़ाई एआई एप व टीचिंग इन द राइट प्रशिक्षण से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

चारामा ब्लॉक स्थित आत्मानंद स्कूल के मंगल भवन में स्वयंसेवकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का विषय पढ़ाई एआई एप एवं टीचिंग इन द राइट लेवल रहा, जिसमें ब्लॉक के 25 गांवों से आए स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के बच्चों के भाषाई कौशल को मजबूत बनाना था। इस दौरान स्वयंसेवकों को पढ़ाई एआई एप के माध्यम से बच्चों की बेसलाइन जांच करने की प्रक्रिया सिखाई गई, ताकि बच्चों की वास्तविक सीखने की स्थिति का आकलन कर उन्हें उनके स्तर के अनुरूप शिक्षा प्रदान की जा सके। कार्यक्रम में टीचिंग इन द राइट लेवल पद्धति के अंतर्गत वार्मअप गतिविधियां, संवाद, कहानी सुनाना, लेखन अभ्यास तथा अन्य शिक्षण गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि इन गतिविधियों से बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक एवं भाषाई विकास को बढ़ावा मिलता है और



सीखने की प्रक्रिया अधिक रोचक एवं प्रभावी बनती है। प्रशिक्षण के दौरान कमल किशोर सिन्हा एवं असलम खान ने स्वयंसेवकों को चरणबद्ध तरीके से मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि इस पद्धति के माध्यम से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा वे सहज वातावरण में तेजी से भाषा कौशल विकसित कर सकेंगे। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर स्वयंसेवकों को साहित्य सामग्री का वितरण किया गया तथा उसके उपयोग की जानकारी भी दी गई। साथ ही उन्हें अपने-अपने गांवों में बच्चों को बेहतर ढंग से शिक्षित करने और शिक्षा की गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार लाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सीआईएम पुनेश्वर, पंकज, निकिता साहू, योगिता, रेखा रजक, कुसुमलता साहू, रोमिका एवं निकिता सिन्हा सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## 27 हजार संग्राहकों के खातों 14 .43 करोड़ ट्रांसफर : नीलू तिवारी

**कांकेर।** तेंदूपत्ता संग्राहकों को आर्थिक संबल प्रदान करते हुए राज्य सरकार ने संग्रहण पारिश्रमिक के भुगतान की प्रक्रिया तेज कर दी है। राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य एवं जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2026 के तहत वन क्षेत्रों में रहने वाले हजारों परिवारों को सीधे लाभ मिलना शुरू हो गया है।



शासन द्वारा निर्धारित 5,500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से पारिश्रमिक का भुगतान किया जा रहा है। इसी क्रम में कांकेर जिले के 27,313 तेंदूपत्ता संग्राहकों के बैंक खातों में प्रथम चरण में 14 करोड़ 43 लाख 54 हजार 512 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। नितिन पोटाई ने कहा कि जिले के संग्राहकों को कुल 6 करोड़ 86 लाख 96 हजार रुपये का पारिश्रमिक भुगतान किया जाना है। इसके अलावा 500 गड्डी से अधिक तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले संग्राहकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ भी मिलेगा। योजना के तहत परिवार के मुखिया की सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रुपये तथा दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये तक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता से प्राप्त आय वनाश्रित परिवारों के लिए आजीविका का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। मानसून से पहले पारिश्रमिक राशि मिलने से किसानों और वनाश्रित परिवारों को खरीफ फसल की तैयारी, खाद-बीज की व्यवस्था, बच्चों की शिक्षा तथा घरेलू जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ी है और वन क्षेत्रों में रहने वाले हजारों परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## प्राचार्य फोरम में पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन

**चारामा।** जिला प्राचार्य फोरम कांकेर के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार विकासखंड चारामा के समस्त प्राचार्यों की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा में आयोजित की गई। बैठक में प्राचार्यों की वर्तमान चुनौतियों, समस्याओं, संगठन की भूमिका तथा आगामी शैक्षणिक सत्र की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्राचार्य फोरम के गठन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर बसंत दीवान, अजित राम कंवर, नंद कुमार ध्रुव, विष्णु सेन तथा रामकमल सुकदेवे ने अपने विचार रखते हुए शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन करते हुए बसंत दीवान को संरक्षक, अजित कंवर को



अध्यक्ष, नंद कुमार ध्रुव एवं सुनीता गंगराले को उपाध्यक्ष, हरिश्चन्द्र पोताई को सचिव, योगिनी सुधाकर को सह सचिव, विष्णु सेन को कोषाध्यक्ष, अमित सक्सेना को मीडिया प्रभारी तथा माखनलाल साहू को मीडिया सह प्रभारी नियुक्त किया गया। आयोजित बैठक में रामदुलार प्रजापति, भगबली सूर्यवंशी, सुशीला गढ़पाले, सतरूपा मंडावी, जानकी जुर्री, प्रेमलता शर्मा, लखनलाल ठाकुर, लिकेश्वर भुसाखरे, रामप्रसाद नेगी, जागेश्वर उंडनकर, एआर डहरे, अमित सक्सेना सहित प्राचार्यों ने सहभागिता निभाई।